around Rs. 150/- in contrast to lower rates at which private operators claim to supply?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (CAPTAIN SATISH SHARMA): (a) Yes, Sir. Parallel marketers have not been able to supply LPG to domestic consumers in any significant way so far.

(b) Lack of LPG import facilities is the main constraint in the progress of LPG marketing under Parallel Marketing System. To the extent possible, facilities of Pubic Sector Oil Companies have been made available to the Parallel Marketters on commercial terms. However some private parties have initiated action to develop their own import facilities.

(c) The subsidy on a LPG cylinder of 14.2 Kgs. for a domestic use being marketed by Government oil companies is around Rs. 56/- per cylinder. Parallel marketeers can sell their product at their own prices.

तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग के काम को मद्रास की एक फर्म को देना

184. **श्री ईशदत्त यादव :** क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग का काम इस संबंध में निविदाएं आमंत्रित किए बगैर मद्रास की अज्ञात लायड फर्म को सौंप दिया है जबकि उक्त फर्म तकनीकी रूप से इस काम को करने में अक्षम है ;

(ख) निविदाएं आमन्त्रित किए बगैर और इस संबंध में फर्म की तकनीकी सक्षमता की जांच किए बगैर उक्त फर्म को काम सौंपे जाने के क्या कारण हैं; और

(ग) सरकार द्वारा इस सबंध में खर्च की गई राशि के साथ उक्त फर्म द्वारा अब तक संपन्न किए गए काम का ब्यौरा क्या है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा) : (क) जी, नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) आयल एण्ड नेचुरल गैस कारपोरेशन ने इसके अपने वेधन/कार्यनिष्पादन प्रचालनों के लिए 3 रिगों यथा जी.ए.–ii, जी.ए.–iii इले डी. एण्डडरम, भाड़े पर लेने हेतु मैसर्स अज्ञान लाइड चाइल्ज आफ शोर लि० को संविदा दी। इनमें से जी.ए.–ii ने वेधन कार्य पूरा कर लिया है तथा इस रिग के प्रति फर्म को लगभग 68.50 करोड रुपए का पूर्ण भुगतान कर दिया गया है। अन्य दो रिगों द्वारा वेधन/कार्य निष्पादन संबंधी प्रचालन अभी भी जारी है तथा इन दो रिगों के प्रति फर्म को लगभग 97.53 करोड़ रुपए तथा 6.87 मि. अमरीकी डालर का कुल भुगतान किया गया है ।

डीजल शेड के संबंध में अनुमोदन

185. **श्री आस मोहम्मद :** क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि वर्ष 1991–92 के दौरान डीजल शेड के संबंध में अनुमोदन को समाप्त कर दिया गया ,

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) जहां पर डीजल शेड इस समय स्थित हैं उन स्थानों के नाम क्या हैं और उनकी पृथक पृथक क्षमता कितनी है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा) : (क) से (ग) तेल उद्योग के अन्तर्गत